आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित वेबिनार को किया सम्बोधित। कहा– सरकार कृषि क्षेत्र के विकास और ग्रामीण समृद्धि के दोहरे लक्ष्य के साथ बढ़ रही है आगे।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के दिये निर्देश।
- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मनोहर नायडू ने गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और कोलकाता के लिये विमान सेवा का किया शुभारम्भ। कहा– प्रयागराज, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी को भी जल्द मिलेगी सौगात।
- रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू। डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने के दियै दिशा निर्देश।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार कृषि क्षेत्र के विकास और ग्रामीण समृद्धि के दोहरे लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। श्री मोदी ने कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर आज एक बजट पश्चात वेबिनार को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का सरकार का संकल्प बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे। श्री मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को सशक्त करने का प्रयास किया गया है।

**पीएम किसान सम्मान निधि योजना, 6 साल पहले लागू की गई थी। इस योजना के तहत अब तक लगभग पौने 4 लाख करोड़ रुपए किसानों को मिल चुके हैं। इतनी राशि करीब 11 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पहुंचाई गई है। 6 हजार रुपए सालाना की इस आर्थिक मदद से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की है, जिसमें सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले सौ जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुई ओलावृष्टि को देखते हुए कहा है कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने फसलों को हुए नुकसान का युद्ध स्तर पर आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।**

राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में विगत दो दिनों में ओलावृष्टि तथा वर्षा हुई है। इन जनपदों में अलीगढ़, मथुरा, कासगंज, हाथरस, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, हापुड़, लखीमपुरखीरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सम्भल तथा गाजियाबाद शामिल हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में केंद्र और राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं की जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह में और आयुक्त 15 दिन में समीक्षा अवश्य करें। श्री योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी द्वारा 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को चिह्नित करने और उनसे सख्ती से निपटा जाए। उधर, एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने 'ऋण जमा अनुपात' (सी0डी0 रेशियो) और 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये वित्तीय वर्ष 2025–26 में सी0डी0 रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जाए। श्री योगी ने 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की समीक्षा करते हुए कहा कि हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन के साथ आगे बढ़ने का सामर्थ्य है। इस अभियान से जुड़ने वाले युवाओं की ट्रेनिंग भी करायी जाए।

**********

केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने नीति आयोग एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की संयुक्त पहल पर कल मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिये ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय यह कार्यक्रम, छात्राओं के कौशल उन्नयन, प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

*स्वावलंबी नीति आयोग और हमारे कौशल विकास मंत्रालय के अन्तर्गत कार्यक्रम है। उसमें चार विश्वविद्यालयों में 600 बच्चियों को हम उद्यमी बनाने के लिये उनको ट्रेनिंग देंगे। आगे जा कर फंडिंग के लिये और मेंट्रिंग के लिये भी उनके रास्ते खुल जायेंगे और सभी एनएससी और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के बीच करार हुआ है। एआई में वेस्ट मैनेजमेंट में न्यू टेक्टनोलॉजी में तो सारे कोर्सेस दो महीने से लेकर 12 महीने तक के कोर्सेज की अवधि है। बहुत वैल्यूवल कोर्स है, वो बच्चों के लिये उपलब्ध रहेंगे ।*

**********

गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और कोलकाता के लिए विमान सेवा शुरू हो गयी है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कल हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल पर गोवा जाने वाली फ्लाइट को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि हिंडन से अन्य शहरों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी दी जाएगी। प्रयागराज, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी के लिए भी उड़ान सेवा जल्द शुरू की जाएगी।

**********

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रनवे का निर्माण कार्य कल से शुरू हो गया है। इसके चलते आठ घंटे तक प्रतिदिन रनवे 15 जुलाई तक बंद रहेगा। इस दौरान यहां से संचालित होने वाली करीब 16 उड़ान सेवाएं निरस्त रहेंगी। एयरपोर्ट प्रवक्ता रूपेश कुमार ने बताया कि उड्डयन महानिदेशालय से मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल टी–3 के रनवे की रिकारपेटिंग का कार्य कराया जाना है। इस कार्य की शुरूआत हो गई है, जिसके चलते सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक उड़ान सेवाएं बाधित रहेगी। सुबह 10 बजे से पहले और शाम छह बजे के बाद करीब 132 उड़ानें सामान्य रूप से संचालित होंगी। वर्तमान में यहां से प्रतिदिन करीब 155 विमानों की आवाजाही होती है, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं।

**********

सीतापुर में विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य की 84 कोसी परिक्रमा कल से शुरू हो गई। रामदल के नाम से प्रसिद्ध परिक्रमार्थियों का दल पहले पड़ाव स्थल के लिए प्रस्थान कर गया। आज रामफल सरायन नदी पार कर दल हरदोई के हरैया में प्रवेश करेगा। पौराणिक मान्यता है कि प्रभु राम ने यहां परिवार समेत परिक्रमा की थी, तभी से परिक्रमार्थियों को रामदल के नाम से जाना जाता है। इस परिक्रमा में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

**********

रमजान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया। आज तड़के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सहरी करने के बाद रोजा रखने की नियत की। इससे पहले बीती रात लोगों ने तरावीह की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद देश की सुख, समृद्धि और शांति के लिए दुआ की गई। सभी रोजेदार अब शाम को सूर्यास्त के बाद अन्न और जल ग्रहण करके रोजा इफ्तार करेंगे। रमजान के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमजान माह की प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि रमजान के पवित्र दिनों में परस्पर प्रेम और भाइचारे की भावना को बल मिलता है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रमजान को लेकर सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि रमजान माह में विभिन्न कार्यक्रमों और जुलूसों के मार्ग पर फ्लैग मार्च कराया जाए। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से आयोजन स्थलों और संवेदनशील जगहों की निगरानी की जाए।

**********

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच कई जिलों में ओलावृष्टि हुई है। बदायूं, अलीगढ़ और लखीमपुर में हुई ओलावृष्टि से कई फसलों को लाभ तो कई फसलों को नुकसान होने के आसार हैं। पीलीभीत, हापुड़, संभल, अमरोहा और श्रावस्ती में बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

**********